ओश्म-स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां, पावमानी द्विजानामायुः प्राणं प्रजां पशून् कीर्तिक द्रविणं ब्रह्मवर्चसं मह्यं दत्वा व्रजत ब्रह्मलोकम्।

मत्रांत द्विजः शब्द आहे. याचा अर्थ फक्त ब्राह्मणच नाही. तर व्दिःजायते इति द्विजः ज्याचा दोनदा जन्म होतो. त्या सर्वांना द्विज म्हणतात. एकदा आईच्या उदारातून नंतर व्रतबंध (उपनयन) संस्कार झाल्यानंतर आचार्याच्या ज्ञानगर्भातून ज्ञान मिळविल्यामुळे ब्राह्मणांना द्विज म्हणतात. पहिले निघालेले दांत आठव्या-नवव्या वर्षी पडून पुन्हा नवीन निघतात म्हणून दातांना द्विज म्हणतात. पक्ष्यांना द्विज म्हणतात. एकदा अंउरूपाने जन्म होऊन नंतर फुटून पिलं बाहेर येतात. म्हणून पक्ष्यांना द्विज म्हणतात. वेदांना वेदमाता म्हटले आहे. माता संगोपन संवर्धन संरक्षण करणारी आहे. ईश्वराने निर्माण केलेल्या जगतामध्ये मानव हाच जीव बुद्धिवान आहे. त्यानेच वेदांचे अध्ययन करून सर्व प्राणीमात्रांचे आईप्रमाणे संरक्षण करावे. माकाश्चिद् दुःखभाग् भवेतः याकरीता मंत्रात प्रजा आणि पशु असे दोन शब्द आलेत. इतर जीवप्रमाणे मानवांना सुद्धा पशु म्हणतात. पश्चति इति पशुः जो डोळ्यांनी पाहतो तो पश, वेदात, आयु (वय) प्राण, धन, संपत्ती (ब्रह्मर्चस) अग्नि, वायु, जल, आकाश, पृथ्वी, यांची संपूर्ण माहिती, इहलोक आणि परलोक मिळविण्याचे ज्ञान, मनुजांना आवश्यक असलेल्या पर्व विद्या (मया) मी परमेश्वराने (स्तुता) प्रस्तुत केलेल्या आहेत. त्या अवगत करून ऐहिक जीवनाचा सुख भोगून परमानंद प्राप्तिकरीता मोक्ष मिळवावा. वेदमंत्राच्या वर आलेली नावे व त्यांचे रूढीवादी अर्थ करून त्यांनी वेदमंत्राचे लिखाण केले आहे असे समजणे योग्य नाही. वेद अपौरूषेय व ईश्वरनिर्मित आहेत.

पं. सत्यवीर शास्त्री
अमरावती

***

महर्षि-महिमा

दीक्षाम्प्राप्य वरान् गुरोर्मधुपुरे, दंडी महाराज से।
पाखण्डोच्चय खंड-खंड करणी, गाड़ी ध्वजा कुम्भ में।।
ध्वस्ताऽनर्थकरी प्रपंच करिता, सत्यार्थ-धारा बही।
सर्वैषा करुणा विवेकजलधेः, स्वामी दयानन्द की।।

भावार्थ – श्री गुरु दंडी विरजानन्द जी महाराज से दीक्षा तथा वरों को प्राप्त करके, पाखण्ड के समूह को खंड-खंड करने वाली ध्वजा हरिद्वार में कुम्भ के मेले पर (सं. १९२४) में गाड़ दी और प्रचार प्रारम्भ कर दिया। इसके प्रभाव से अनेक अनर्थ करने वाली, छल-कपट द्वारा भ्रमजाल फैलाने वाली, पाप की नदी नष्ट-भ्रष्ट हो गई और सत्यार्थ की धारा बहने लगी अर्थात् सत्यार्थ प्रकाश का प्रचार होने लगा। यह सारी करुणा ज्ञान के सागर स्वामी दयानन्द जी की ही है।

– पं. लोकनाथ तर्कवाचस्पति

लाभली आम्हा बाबांची कृतार्थता
स्मरण
भाई प्रभाकरराव विश्वनाथ सावरकर

या महाराष्ट्राच्या भूमीत अनेक थोर विचारवंत, साहित्यीक होऊन गेलेत शाहू, फुले, आंबेडकरांच्या विचारांची कास धरुन जीवन जगणारे त्यापैकी एक माझे बाबा भाई प्रभाकरराव सावरकर.

परिवर्तन हा निसर्गाचा नियम. निसर्ग नियमानुसार बाबांना जावून आज एक वर्ष पुर्ण होत आहे त्यांच्या आत्म्याला चिरकाल शांती लाभो हीच प्रभुचरीणी प्रार्थना.

त्यांच्या विचाराची कासधारा आम्ही सगळे बहिण भावंड, सगे सोयरे, आप्तपरिवार आचरणात आणू समजापर्यंत पोहण्याचे काय करु ते नेहमी म्हणत थांबला तो संपला. थांबायचे नाही चालत राहायचे दु:खातही चालत राहायचे. ते नेहमी म्हणायचे असावांना मोल आहे ढाळू नये कधीही वाटवंटी शिंपल्यांना वेचू नये कधीही.

त्याची दिव्यदृष्टीची विचारसरणीची उणीव आम्हा सर्वांना तर होईच आहे. तसेच राजकीय, सामाजिक, क्षेत्रातील लोकांना त्याची उणीव जागोजागी भासत आहे. परंतु त्यांची मुर्ती आम्हा डोळ्यासमोर ठेवून सतत कार्यरत आहोत.

माझे बाबा ऐश्वरात जन्मले निष्ठेत वाढले, निष्ठेत जगले त्यातूनच उजळून तजे घडले ते लोकनेतृत्व!

नेतृत्वाचे सदगुण बाबांच्या बोलण्यात वागण्यात, चालण्यात अनू पेहरावात होते. त्यांच्या सदगूणांच्या कौशल्याने ते जनमानसाचं नेतृत्व करणारे समर्थ लोक नेते ठरले. खरा जाणतेपणा हा असाच असतो ती आम्ही सर्व भावंडांनी जाणला, अनुभवला, आणि आचरणात आणला.

बाबांचा स्वभाधर्म हा काळ्या मातीशी संलग्न् आहे. मातीचा सुगंध हा त्यांच्या स्वभाव वैशिष्ट्यांतील विंतनशील गाभा आहे. या अर्थाने म्हणजे की बाबाच मन सदैव गांभीर्य शोधत असतं. संत विचाराच शोध घेत जात तर कधी सामान्य माणसाच्या घाम थेंबाचा अफाट सागर कसा उभा राहतो हे सांगत. त्याचे बैठकी बोलुण हे मातीपरीक्षणातून मातीील गुणधर्म जसे तज्ञ उचल करुन सांगतात तशीच कडल बाबांच्या बोलण्याची बोलण्यातील वाक्यरचनेत होती त्याची अष्टपैलु भाषा, त्यांच्या स्वभाव वैशिष्ट्यातील चैतन्य आहे- त्याच्या भाषेत कधी कधी परखडपनणा इतरांना जागणवतो. त्या परवडत शब्दात जे शाश्वत मृत्य असतात. त्या शाश्वत मुलांचा उलगडा करतात ती माणसं बाबांना समजू शकली हाच लोकहारी जगण्याचा जाणतेपण आई जाणीव, जगण्याची जिज्ञासा निर्माण करण्याचे सामर्थ नेतृत्वत असल की लोकसमुहास ह्या नेतृत्वाविषय भितीयुक्त आदर निर्माण होते आदरणीय बाबांची अशी ही मुद्रा.

समाज समुहाची परिवर्तनशील मुळभूतना अनुभवायची असेल तर ती बाबांच्या बैठकी चर्चेत अनुभवता यायची आला गेला त्याला समावपचाराने चार शब्द सांगतात त्यांच्या हृदयांचा आवाज किती खोल जातो हे त्याला कळत. त्याला काळनुरुप धन्यता लाभेते हे मात्र खरे ही आमची अनुभुती आहे. या काळ्या मातीशी जन्माची गाठ बांधुन जन्मालं आले. ते माझे बाबा जिथ जन्मला आहे. तेथे अगवले त्या मातीत फुलंल एका दाण्यातुन बहुदाण्याचे ठसठसीत कणुस, ओंबी, शेंग.... भरभरुन येतात. एक तीळ सातजण खातात ही वास्तवकता आहे .... कापूस पिकतो, कापसाची वात लखलख प्रकाश तेवीते देवघरातली निराजन! अशी बहूजनांची सदुपयोगी वृत्ती लांडी, लबाडी करील त्याला तोंडवर पाडीत, अशी संरक्षक सहानुभुती ती अवधी धन्यता बाबांच्या कर्तृत्वात होतो.

आचार, विचार, दृष्टी, सौंदर्य अन चारित्र आणि त्या चारित्राच वैभव बाबांच्या आयुष्यात भोगलं, तसं हे त्याच वैयक्तिक सौंदर्य तेच स्वर्गीय लावण्य !

आज बाबा असते तर त्याची सृजनशील लाभली असती... अन्न त्यांनी समर्थपणे आमच्या पाठीवर शाबासकीची थाप पडली असती.... त्याची आठवण आम्हास आली नाही काय करावे स्वर्गीय लावण्य! आमचं आदर्श होत ते!

ते नेहमी म्हणत –

आपलु मरण, ना देखे सरण
भागील जगण चंदनाचं ...!
जिभेचे चोचले, दिल्या घेतल्याचे
सग्या सोयऱ्याचे, बुडबडे...!
मस्तकी बासिंग हातीचे कंकण
मोजून, मुखवटी
रक्ताचा जिव्हाळा, देवाचा देव्हारा
भावकी पसरा, गंधमक्ती...!
आपुली कहाण, आपुलीया पाया
थेरडीची माया, लोण्यापरी...!
जिभेचे बोलणं, जिभेवर राहे,
तिथे झिरावाह, अमृताचा...!
कुठल्या आभाळी, भुवरच तिर्थ
पुर्वजाशी अज, कळे कैसा...!
पाण्यावरी दिवे, पाजळतो होत
खाते पिते त्रत्रत्र, अलहिदा...!
पेटलेली चिता, विझीती आसू
खरे नासे, तसू, आकमात...!

समाजात राहून कवेळ माणुसकीने काम करणारी माणसं आजकाल दुर्मिळ आहेत. देव, देश आणि धर्माला श्रेष्ठ माणून जात, पात, धर्म, भाषा, यापलीकडे जावून शेतकरी चळवळीत काम करणारे माझे बाबा भई प्रभाकरराव विश्वनाथराव सावरकर यांच्या जीवन कार्यावर यशोचित प्रकाश टाकणारा हा लेख भविष्यात पुढल येणाऱ्या पिढीत काम करण्याची निश्चित प्रेरणा देणारा ठरेल...

त्यांचा निर्वानीचा आर्शिवाद आपल्या पाठीशी राहो ही प्रभूचरणी प्रार्थना.

इंद्रायणीची काढी देहाची आळंदी
लागली समाधी ज्ञानेशाची
आळंदी करता करता गेले आळंदीत विलीन होऊन.

– लेखिका
सौ. संगीता दिवेंद्र तुरखडे
मो.नं. ९४०३६१९३३६

***

मन्त्र-व्याख्या

मन्त्र – ओ३म्। इहैक स्तं मा वियौष्टं विश्वमायुब्यश्नुतम्।
क्रीडन्तौपुत्रै नप्तृभिमोदमानौ स्वेगृहे।।

ऋ०१०/८५/४२

हे दम्पति ! पतिपत्नी ! तुम दोनों (इह+एव) यहां ही (स्तम्) रहो (मा) मत (वियौष्टम्) वियुक्त होवो (पुत्रै.) पुत्रों और (नप्तृभिः) नातियों और पोतों के साथ (क्रीडन्तौ) खेलते हुए (स्वे) अपने (गृहे) घर में (मोदमानौ) आनन्दित होते हुए (विश्वम्) पूर्ण (आयु) आयु (व्यश्नुतम्) भोगो

वैदिक धर्म में पतिव्रत और पत्नीव्रत धर्म पर बहुत बल दिया गया है। वेद में विवाह का प्रयोजन सन्तान को जन्म देना है न कि भोग विलास।

सन्तान उत्पत्ति के लिए संयम मुख्य है। उसके लिए पति पत्नी दोनों को कुछ नियम पालन करने पड़ते हैं। सन्तान अपनी अपेक्षा उत्कृष्ट हों, इसके लिए संयम अनिवार्य, उस संयम के लिए पतिव्रत तथा पत्नीव्रत दोनों आवश्यक है।

अतः वेद मन्त्र में आदेश दिया है – इहैव स्तं.... तुम दोनों यहाँ रहो। यदि एक समय में एक से अधिक पतिया पत्नी का विधान होता तो स्तम् द्विवचन न होकर स्त बहुवचन होता। चिरकाल तक यदि पति को प्रवास में रहना हो, तो पत्नी को साथ ले जाए, अर्थात् यथासंभव दोनों इकट्ठे रहें।

वेद का स्पष्ट आदेश है – मा वियौष्टम् तुम एक दूसरे से वियुक्त न हों।

एक दूसरे से पृथक् होने से त्रुटि हो सकती है। पति पत्नी में परस्पर प्रेम न हो तो सन्तान अच्छी नहीं होती जैसा कि मनु महाराज ने मनुस्मृति में लिखा है – सन्तुष्टोभार्यया भर्ता भर्त्रा आर्या त थैव च।

यस्मिन्नेवकुले नित्यं कल्याणंतत्रवैध्रुवम्।।

जिस कुल में पत्नी से पति और पति से पत्नी अच्छी प्रकार रहते है, उस कुल में सौभाग्य और ऐश्वर्य अवश्य निवास करता है।

इसीलिए वेद का आदेश है कि, चक्रवाकेव दम्पती पति पत्नी दोनों चकवा चकवी की भांति परस्पर प्रीति करने वाले हों। यह तभी हो सकता है एक स्त्रीका एक ही पति हों तथा एक पुरुष की एक ही पत्नी हों।

– विद्यासागर शास्त्री
सुराज कॉलनी, प्लॉट नं. ४०, अमरावती.

***

वेदप्रचार एवं श्रावणी पर्व समारोह सोल्लास संपन्न

ससार की संपूर्ण समस्याओं का एक ही समाधान है– वेद प्रचार एवं वेदाचार– आचार्य चन्द्रशेखर

आर्य स्त्री समाज मंदिर (बहावलपुर) राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली के तत्वावधान में षट् दिवसीय वेदप्रचार समारोह उल्लासमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य वक्त आर्यजगत् के प्रख्यात वैदिक विद्वान आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री जी ने विशाल जनसमूह को संबोधति करते हुए कहा कि श्रवण सुनने को कहते हैं और श्रावण सुनाने को। संसार की संपूर्ण समस्याओं का एक ही समाधान है– वेदाचार एवं वेद प्रचार। आचार्य श्री ने वेदमंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि हे मनुष्य! मनुर्भव मनुष्य बनने पर तो सारा संसार तेरा परिवार होगा। संसार का ताना–बाना बुनता हुआ भी तू प्रकाश का अनुसरण कर। ज्ञान का लाभ तभी है जब वह अपने आचरण का अंग बन जाये, क्योंकि जानना, जानने के लिए नहीं अपितु कुछ करने के लिए है। समापन दिवस पर आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री जी द्वारा लिखित सफल जीवन के मूल मंत्र नामक पुस्तक का निःशुल्क वितरण किया गया।

समाज मंत्राणी श्रीमती जनक चुघ जी एवं आचार्य गवेन्द्र शास्त्री जी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। आर्य समाज राजेन्द्र नगर के मंत्री श्री नरेन्द्र वलेचा जी ने सभी विद्वानों का पी वस्त्र से स्वागत किया। यज्ञब्रह्मा आचार्य अनिल शास्त्री जी एवं श्रीमती अमृत आर्या जी ने सुन्दर भजनोंकी प्रस्तुति की।

कर्मयोग के व्यावहारिक व्याख्याता श्री कृष्ण थे – आचार्य चन्द्रशेखर

आर्य महिला आश्रम न्यू राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली– के तत्वावधान में स्वतंन्त्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह के मुख्य वक्ता अध्यात्म–पथ के संपादक आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री जी ने रवचाखच भरे भव्य सभागार में आर्य नर नारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विषाद से प्रसाद की ओर, मृत्यु से अमृत की ओर, कायरता से वीरता की ओर, पलायन से पुरूषार्थ की ओर, अर्जुन को माध्यम बना योगेश्वर श्री कृष्ण ने गीता का संदेश दिया। योगेश्वर श्री कृष्ण विभूतियों की विभूति हैं। वेद शास्त्र पारंगत, सर्वगुणागार, लोकनायक योगिराज श्री कृष्ण के व्यक्तित्व में संकल्प शीलता थी, धैर्यशीलता इस सीमा तक थी कि पर्वत के समान विशाल और गंभीर चुनौती कोभी वे निरस्त करने में सक्षम थे। आचार्य देवेश प्रकाश जी ने देशभक्ति पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बम्बानी जी ने ध्वजारोहण किया। ४१ रोटरी क्लब के सदस्यों ने सभी माताओं को शाल ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आश्रम प्रधाना श्रीमी आदर्श सहगल ने कया। शांति पाठ के उपरांत प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।

– अश्विनी नांगिया
प्रबंध संपादक
अध्यात्म पथ
नई दिल्ली.

***

शिक्षक दिवस ५ सितम्बर पर विशेष
प्रथम भारतीय प्रिंसिपल महात्मा हंसराज

महात्मा हंसराज का जन्म १९ अप्रेल सन १८६४ ई० को पंजाब के होशियारपुर जिलान्तर्गत कस्बा बजवाड़ा में लाला चुन्नीलाल के गृह में हुआ था। आके बड़े भाई लाला मुल्कराज थे। आपकी प्राइमरी की शिक्षा कस्बा बजवाड़ा के ही स्कूल में हुई तत्पश्चात आगे की पढ़ाई के लिए दोनों भाइयों को होशियापुर के स्कूल में प्रविष्ठ करा दिया गया दोनों भाई चार पाँच किलोमीटर का मार्ग पैदल ही चलकर तपती रेत में नंगे पैर स्कूल तक जाते थे हंसराज पढ़ाई में निपुण थे और अपनी कक्षा में सदा ही प्रथम स्थान पर ही रहते थे। लाला मुल्कराज ने सन १८७७ में एंट्रेस की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तरीर्ण कर ली उन्हें आठ रूपया मासिक छात्रवृत्ति मिलने लगी और लागे की पढ़ाई के लिए लाहौर भेज दिया गया उन्होकंने हंसराज को भी लाहौर बुलवा लिया लाहौर में हंसराज को क्रिश्चियन स्कुल में प्रवेश दिलाया गया मुल्कराज को डाकखाने में सरकारी नौकरी मिल गई और उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी।

सन १८७७ में जब दोनों भाई लाहौर में थे तो संयोग से उसी वर्ष स्वामी दयानन्द भी पंजाब का प्रवास करते हुए १९ अप्रेल को लाहौर पहुँचे स्वामी जी के आगमन से लाहौर में धूम मच गई और जब उनके व्याख्यान होने लगे तो लोगों को एक नई दिशा का ज्ञान होने लगा उसी समय लाहौर में सर्व प्रथम आर्य समाज की स्थापना हुई थी हंसराज तब तक किशोरावस्था में पहुँच चुके थे और उनकी बुद्धिमता के कारण उनको अन्य साथियों की अपेक्षा स्वामी जी के प्रवचनों का सार भली भाँति समझ में आता था तभी से हंसराज आर्य समाज के विचारों से ओत प्रोत हो गए।

उस समय भारत में कलकत्ता विश्वविद्यालय ही सर्वमान्य विश्वविद्यालय था, सब प्रान्त उसी विश्वविद्यालय की परीक्षायें दिलाया करते थे हंसराज ने लाहौर के माध्यम से १८८० में कलकत्ता विश्वविद्यालय की एंट्रेस की परीक्षा उत्तीर्ण की। यदि हंसराज चाहते तो उनको उस समय भी कोई अच्छी नौकरी मिल सकती थी किन्तु उनकी इच्छा पढ़ने की थी अपने पिता तुल्य बडें भाई लाला मुल्कराज से जब उन्होंने अपनी इच्छा की बात कही तो उन्होंने उन्हें कालेज में प्रविष्ट होने वकी स्वीकृति प्रदान कर दी उसी वर्ष लाला लाजपतराय, पण्डित गुरूदत्त विद्यार्थी, राजा नरेन्द्रनाथ, रूचिराम साहनी आदि कालान्तर में पंजाब के उल्लेखनीय व्यक्तियों ने भी उसी कालेज में प्रवेश प्राप्त किया इनमें लाला लाजपत राय, पण्डित गुरूदत्त विद्यार्थ राजा नरेन्द्रनाथ से उनकी घनिष्ठता हो गई थी।

३० अक्टूबर सन १८८३ ई० को महर्षि दयानन्द ने निर्वाण प्राप्त किया सात दिन बाद ८ नवम्बर को लाहौर के आर्य पुरूषों की एक सभा हुई पं० गुरूदत्त विद्यार्थी और उनके साथियों ने भावूपर्ण शब्दों में प्रस्ताव किया कि ऋषि की यादगार में एंग्लो वैदिक स्कूल तथा कालेज की स्थापना की जाए सारी उपस्थित जनता ने प्रस्ताव को स्वीकार किया।

लाला हंसराज ने तब तक बी०ए० की परीक्षा उत्तीर्ण करली थी उनके परिवार वालों को लगा कि अब उनकी आर्थिक दशा सुधर जाएगी क्योंकि उन्हें आशा थी कि बी०ए० कर लेने पर लाला हंसराज को अच्छी नौकरी मिल जाएगी किन्तु उनकी यह आशा फलवती न हो पाई हंसराज स्वभाव से ही स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति थे। उन्हें किसी का निनयंत्रण कभी स्वीकार्य न था। उन्हें भाँति भाँति के सरकारी व गैर सरकारी पदों के प्रस्ताव भी प्राप्त हुंए उनके मन में किसी देशी रियासत का प्रधानमंत्री बनने की लालसा एक बार अवश्य ही जाग्रत हुई परन्तु जब उन्हें पता लगा कि महर्षि दयानन्द की पावन स्मृति में दयानन्द स्कूल और दयानन्द कालेज स्थापित करने का निश्चय हुआ है और धनाभाव के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है तब प्रधानमंत्री की लालसा पर एक महान त्याग का भाव छाने लगा। रह रह कर उनके मन में यही प्रश्न उठता था कि जिस महर्षि ने लोक कल्याण के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया उसके ध्येय को सफल करने के लिए क्या वे कुछ भी नहीं कर सकते।

लाला हंसराज उन दिनों पूर्णतया अपने भाई के वेतन पर निर्भर थे। उनकी कृपा से ही पढ़ पाए थे। तदापि जब दयानन्द कालेज की स्थापना का विषय उठा था और उसके लिए धन एकत्रित किया जा रहा था तो उन्होंने भी किसी प्रकार जोड़कर दस रूप्ये की राशि उसमें दी थी हंसराज के मन में कुछ और ही समा गया था अपने बड़े भाई की शरण में जाकर उन्होंने किसी प्रकार की भूमिका की चिन्ता न करते हुए एक प्रकार से यही कहा मुझे यह जानकर बड़ा दुःख हो रहा है कि लाहौरवासियों ने दयानन्द कालेज की स्थापना का निर्णय कर लिया है किन्तु उसके लिए जितना धन चाहिए वह एकत्रित नहीं हो पा रहा है। इस कारण वह कार्य एक प्रकार से शिथिल पड़ गया है मेरी इच्छा हो रही है कि मैं इस कार्य के लिए अपना जीवन समर्प्ति कर दूँ, अपनी सेवाओं के विनिमय में कालेज से मैं एक पैसा भी न लूँ। मैं अपना जीवन इसको दान कर देना चाहता हूँ, किन्तु आपकी अमूल्य सहायता के अभाव में यह कार्य सम्पन्न होना कदापि संभव नहीं है।

लाला मुल्कराज ने बड़ेयान से छोटे भाई की बात को सुना उस पर विचार किया और गहन चिन्तन के बाद उनके मुख पर प्रसन्नता की झलक दिखाई दी। लाला मुल्कराज को उन दिनों रू0 ८0/- मासिक वेतन मिलता था, अब तक भी वे छोटे भाई की आर्थिक सहायता किया ही करते थे उनको निश्चय करने में कुछ अधिक कठिनाई नहीं हुई। उन्होंने अपना आधा वेतन अपने छोटे भाई के लिए निर्धारित कर दिया और लाला हंसराज ने लाहौर आर्य समाज को पत्र लिखकर सूचित किया दयानन्द स्कूल खुलने पर मैं उसका अवैतनिक मुख्याध्यापक बनने के लिए उद्यत हूँ।

0१ जून १८८६ ई0 को आर्य समाज लाहौर के भवन में हाईस्कूल आरम्भ कर दिया गया और लाला हंसराज को इसका अवैतनिक मुख्याध्यापक नियुक्त कर दिया गया केवल पाँच दिन में ही इस स्कूल में तीन सौ विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया ५ जून १८८६ के लाहौर से प्रकाशित होने वाले अंग्रेजी दैनिक पत्र ट्रिव्यून ने लिखा - हमें मुख्याध्यापक महोदया पर पूर्ण विश्वास है जिन्होंने अपने आराम सुख और नाम की तनिक भी अपेक्षा न करते हुए अपना जीवन इस कार्य के लिए अर्पण कर दिया और इस प्रकार हंसराज प्रथम भारतीय प्रिंसिपल बने। क्योंकि अभी तक क्रिश्चियन स्कूल कालेज हों अथवा भारतीयों द्वारा स्थापित सभी में प्रिंसिपल अँग्रेज ही होते थे।

इस स्कूल की एक विशेषता यह भी थी कि इसने शिक्षा विभाग से सम्बद्धता के लिए कभी आवेदन नहीं किया और न ही कभी सहायता अथवा अनुदान के लिए प्रार्थना की। यद्यपि इसको मान्यता प्राप्त हुई वह एक अन्य विषय है।

लाला हंसराज द्वारा स्कूल को नियमित रूप से चलाए जाने के विषय में उठी शंकाओं को उन्होंने अपनी कार्यकुशलता से शीघ्र ही निर्मूल साबित कर दिया। उनके अनुशासन और त्याग की छाप उनके विद्यार्थियों पर पड़े बिना न रह सकी थी। कहा जाता है कि जो विद्यार्थी प्रथम वर्ष में इस स्कूल में प्रविष्ट हुए थे उनमें एक शाहबुद्दीन नाम का मुस्लिम छात्र भी था। कालान्तर में वह शाहबुद्दीन कहलाया और बीस वर्ष तक निरन्तर विधान सभी का अध्यक्ष बना रहा था। लाला हंसराज के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा थी। लाला जी की मृत्यु पर वह उनकी शोक सभा में भी सम्मिलित हुआ था। उसने अपनी श्रद्धांजलि में कहा था जब मेरे पिता की मृत्यु हुई तो मैंने अनुभव किया मैं पिता विहीन हो गया हूँ। जब मेरी माता की मृत्यु हुई तो मैंने समझा कि मैं माता विहीन हो गया हूँ, आज लाला हंसराज की मृत्यु पर मैं अनुभव कर रहा हूँ कि मैं सर्वथा अनाथ हो गया हूँ।

दयानन्द कालेज कमेटी में एक प्रकार से दो दल हो गए थे। उसी के कारण विाद बढ़ता जाता था। कमेटी में जिस दल का प्रभुत्व था उसके सुसंस्कृत दल कहा जाने लगा था और आर्य समाज में जिस दल का प्रभुत्व था वह महात्मा पार्टी कहलाने लगा था। महात्मा अर्थात लाला हंसराज। अब उनको लाल हंसराज के स्थान पर सम्मान से महात्मा जी कहा जाने लगा था, उनकी त्याग तपस्या का यही प्रतिफल था जोसमाज ने उनको दिया था।

महात्मा हंसराज डी0ए0पी0 कालेज के प्रधानाचार्य होते हुए भी किराए के एक छोटे महान में ही रहते थे

जिसका मासिक किराया चार रूप्या मासिक था। उनका पहनावा भी बड़ा साधारण सा होता था खादी का कुर्ता और खादी का पायजामा। अधिक कपड़े न तो वे पहनते थे और न पास में रखते थे। सर्दियों में कश्मीर पट्टू का गर्म कोट पहन लेते थे। गमियों में गबरून का कोट पहनते थे। उनके पाँव में होशियापुर का बना देशी जूता होता था, वे जुर्राबें (मोजे) नहीं पहनते थे विदेशी वस्तुओं का उन्होने कभी प्रयोग नहीं किया।

उन्होंने २६ वर्ष तक अवैतनिक प्राचार्य के रूप में दयानन्द एंग्लो वैदिक कालेज लाहौर की सेवा की। प्रतिमाह हजारों रूपये वेतन के रूप में बाँटकर जाते और स्वयं खाली हाथ घर जाते थे।

जहाँ तक महात्मा हंसराज जी के महान कार्यों का सम्बन्ध है उन्होंने शिक्षा, वेद प्रचार, हिन्दु जाति की कुरीतियों का सुधार, अकाल बाढ़ और महामारियों जैसी विपत्तियों में हिन्दु जाति की सेवा की और शुद्धि कार्य क्षेत्रों में समर्पित भावना से कार्य करके कीर्तिमान स्थापित किए।

– वेदारी लाल आर्य

५४, हाता प्यारे लाल नगरा, झाँसी-२८४००३ (०९४७३९३७१३८)

***

हृदय मन्दिर के भाव बोलते हैं –

मानवता और इसकी सीमायें

सीधे-सादे शब्दों में कहा जाता रहा है कि दूसरों के प्रति ऐसा व्यवहार कीजिये जैसा आप उनसे अपने प्रति चाहते हैं। यह ऐसा वचन है जिसके पालन से प्रत्येक व्यक्ति आपसी व्यवहार में उच्चतम मानवीयता का पालन कर रहा होगा। मैं नहीं समझता कि ऐसे मनुष्य भी होंगे जो दूसरों से दुर्भावनायुक्त घृणित व्यवहार चाहते हों।

इस आदर्श के विपरीत कोई व्यक्ति, समाज, देश यदि अनुचित व्यवहार सामनेवाले के प्रति करे और समझाने पर भी नहीं माने तो क्या किया जायेगा। यदि सर्प से यह अपेक्षा करें कि वह अपना विषैला व्यवहार छोड़ दे तो यह कैसे सम्भव है। वैसे सर्प भी प्रत्येक को नुकसान नहीं पहुँचाता। इसी प्रकार से बहुत से जीव हैं जिनका जीवन ही दूसरों के प्राणहरण अथवा उन्हें कष्ट पहुँचाकर चलता है। यदि यही व्यवहार मानव का हो जाये तो क्या करना चाहिये।

वैसे समाज में एक उक्ति यह भी प्रचलित है कि दुष्ट व्यक्ति दण्ड द्वारा ही मानता है। यह दण्ड ही ऐसे व्यक्तियों को विवश करता है कि वह आपको क्षति नहीं पहुँचायेंगे। यह दण्ड किसी का प्राणहरण ही हो यह आवश्यक नहीं है। इसके अनेक प्रकार हैं। यह सज्जन व्यक्ति की योग्यता पर निर्भर करता है कि वह किस प्रकार ऐसी स्थिति का सामना करता है कि उसका नुकसान नहीं हो और दुष्ट की दुष्टता से भी छुटकारा हो जाये।

हमारा मानना है कि तथाकथित अहिंसा का पालन व्यक्तिगत जीवन को तो सम्भवतः गरिमा व उच्चता प्रदान करता है। इसके विपरीत यह राष्ट्रीय जीवन में अव्यावहारिक है। आपके प्रति सामनेवाला तभी तक अहिंसक होता है जब तक उसे यह सुनिश्चित होता है कि आप उससे अधिक शक्तिशाली हैं और हानि उसी की होगी। इसके विपरीत वह छल-छद्म द्वारा आपको दुर्बल करके हानि पहुँचाना चाहे तो साम-दाम-दण्ड-भेद द्वारा कैसे भी करके उसे शक्तिहीन करके रखना होगा।

आप तो उच्च मानवीयता का पालन करेंगे ही। इसलिये आपसे किसी को किसी प्रकार का नुकसान होना नहीं है परन्तु आसुरी वृत्ति के जन, समूह व देश के समकक्ष अपने को सबल तथा उसे दुर्बल बनाकर ही मानव और मानवता की सुरक्षा सम्भव है।

– प्रभाकरदेव आर्य

।। ओ३म्।।

रास अल खेमा U.A.E.
(RAS AL KHAIMAH)

समादरणीय श्रीयुत

सादर नमस्ते।

* ईश्वरकृपयात्र कुशलं तत्रापि भवतु।

* ध्यान अध्यापन, शंका समाधान आदि के रूप में वैदिक धर्म प्रचारार्थ २१ जनवरी, २०१७ को दुबई पहुंचा। यह मेरी २६ वीं प्रचार यात्रा है। देश-विदेश, जहां कहीं पर भी जाता हूँ, प्रायः सर्वत्र आर्य सज्जनों के द्वारा, (विशेष कर युवक) एक प्रश्न प्रमुखता से उपस्थित किया जाता है कि सत्य, सनातन, ईश्वरीय-धर्म, संस्कृति, सभ्यता, शिक्षा, आचार-विचार एवं आदर्श परम्पराओं का समाज राष्ट्र विश्व में प्रचार-प्रसार क्यों नहीं हो रहा है ? आज देश में हजारों की संख्या में आर्य समाजें हैं, विद्यालय, गुरुकुल, आश्रम तथा अन्य संस्नि हैं, जिनमें यज्ञ-संध्या, सत्यंग, स्वाध्याय, भजन, प्रवचन, कथा, शिविर, समारोह, उत्सव, संगोष्ठी आदि सम्पन्न होते हैं, इन सबसे व्यक्तिगत, पारिवारिक लाभ तो अवश्य होते हैं, किन्तु समाज, राष्ट्र के अन्य (वैदिक धर्म से अपरिचित) व्यक्तियों को इनसे लाभ नहीं होता है या अतिन्यून होता है। हम आर्यों का सब कुछ श्रेष्ठ, महान, आदर्श होतेहुवे भी हम बढ़ नहीं पा रहे हैं। लोग वैदिक धर्म की ओर आकृष्ट नहीं हो पा रहे हैं।

* वैदिक धर्म सार्वभौमिक, सर्वकालीन, सर्वजनीन होते हुवे भी हम इसे फैला क्यों नहीं पा रहे हैं ? शास्त्रकार ऋषियों ने लिखा है कि सत्यमेव जयते नानृतम् किन्तु वर्तमान में हो सप्ष्ट दृष्टिगोचर हो रहा है कि सत्य, असत्य से पराजित हो रहा है; श्रेष्ठ, निकृष्ट से दब रहा है; उत्तम, घटिया से पिछड़ रहा है, आदर्श; अनादर्श से अभिभूत हो रहा है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह के सिद्धान्त अब या तो पुस्तकों में ही शोभा दे रहे हैं या फिर मंच पर विद्वानों का प्रवचन का विषय रह गये हैं। सामान्य मनुष्यों की तो यह मानसिकता बन गयी है कि, बिना झूठ, छल, कपट, छभ, अन्याय के तो जीवित रहना भी संभव नहीं है। समाज राष्ट्र में यह स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि छली, कपटी, अन्यायी, शोषक, धूर्त-चालाक, छमी व्यक्ति बड़े ठाठ से, सुख सुविधा वाले साधनों के साथ गर्व के साथ जी रहे हैं और सत्यवादी, आदर्श, धर्मपरायण सज्जन लोगों को अनेक प्रकार के अभावों, अन्यायों, अत्याचारों, बाधाओं, कष्टों के कारण दुःखमय जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। इस स्थिति के कारण भी जन सामान्य में सत्य, धर्म, आदर्शों के प्रति अश्रद्धा उत्पन्न हो गई है।

* इस प्रश्न का उत्तर यह है कि हमारे पास ईश्वर, ज्ञान, सिद्धान्त, कर्म, उपासना, शिक्षा, संस्कृति, सभ्यता, आचार-विचार आदि समस्त विषय का विज्ञान श्रेष्ठ होते हुवे भी इसके प्रचार-प्रसार में जिन साधनों, सुविधओं, बुद्धि, साहस, बल, पराक्रम त्याग, तप, लगन, सहनशक्ति, धैर्य, निष्कामता की नितान्त अपेक्षज्ञळै;डन्क्ज्ञटीाव है, न्यूनता है। मात्र धनैश्वर्य-सुख सुविधाओं के विपुल तथा उत्कृष्ट हो जाने से कोई धनिक नहीं बन जाता, जब तक समाज राष्ट्र के विपन्न जन समुदाय के लिए, उनका त्यागपूर्वक सदुपयोग न करे। बलिष्ठ, वीर्यवान् की संज्ञा, वही प्राप्त करने का अधिकारी है, जो मात्र शक्ति, सौष्ठव, बृहदाकार का आधिक्य ही न रखता हो, बल्कि अपने बल, साहस, पराक्रम, उत्साह, प्रगल्भता का प्रयोग, निर्बल, प्रताड़ित, शोषित, अन्याय से ग्रस्त दुःखित व्यक्तियों की रक्षा के लिए करे। सच्चा विद्वान वही है जो समाज राष्ट्र में प्रचलित अज्ञान, असत्य, पाखण्ड, अंधविश्वास को नष्ट करने के लिए साहस, निर्भीकता के साथ परम पुरूषार्थ करे, इस कार्य के करते हुवे मृत्यु भी आजावे तो घबराये नहीं।

* हमें यह बात अच्छी प्रकार से मन में रखनी चाहिए कि स्वामी दयानन्द जी ने आर्य समाज की स्थापना केवल वहां जाकर व्यक्तिगत व पारिवारिक जीवन को श्रेष्ठ, उन्नत, बनाने के लिए नहीं की है बल्कि इसके माध्यम से न

केवल राष्ट्र बल्कि समस्त विश्व को भी श्रेष्ठ बनाने के लिए की है। साप्ताकि सत्संग के कार्य तो हम घर पर भी करते हैं, करने चाहिएं। समाजों में तो आर्य सभाससदों को समाज, राष्ट्र में से मांसाहार, मद्यपान, द्यूत, व्यभिचार, नास्तिकता, अंध-विश्वास, पाखण्ड, रिश्वत, झूठ, छल, कपट, अन्याय, अत्याचार जैसी बुराइयों को कैसे निर्मूल किया जाये और इसके लिए कौन कितना किस प्रकार का तन-मन-धन-समय-बुद्धि का पूर्ण निष्ठा, श्रद्धा, विश्वास, निष्कामता पूर्वक सहयोग करेगा यह सब मिल बैठकर, सुनिश्चित करना चाहिए। स्मरण रहे कि सत्य की, धर्म की, आदर्श की जीत स्वतः नहीं होती, बल्कि उसे पूर्ण संगठित होकर, योजनाबद्ध रूप से, पूर्ण-पुरूषार्थ-घोर तपस्या-आत्मविश्वास तथा ईश्वर की सहायता से जिताया जाता है।

* हे देवाधिदेव महादेव ! हम वेदानुयायी, ऋषि भक्त, याज्ञिक, ध्यानी स्वाध्यायशील, आचार्य, प्रचारक, अधिकारी, ब्रह्मचारी, वानप्रस्थी संन्यासी सभी आर्यों के समक्ष, ये अधर्मी, विधर्मी, कुधर्मी, दैत्य पिशाच, असुर, नास्तिक अपने आतंक से समाज-राष्ट्र-विश्व को नरकमय बनाये जा रहे हैं और हम हाथ पर हाथ रखे, मूक बन कर, मात्र मन मसोस कर, इनको निहार रहे हैं। कुछ भी नहं कर पा रहे हैं। हे अन्तर्यामिन दयानिधान ! वेद ज्ञान को समग्र विश्व में प्रसारित प्रचारित करने हेतु हमें विपुल शक्ति, अदम्य-साहस, अटूट-विश्वास, अचल-पराक्रम, उत्कृष्ट-उत्साह प्रदान करो, जिससे हम मात्र घर या समाज मंदिर में, यज्ञ-संध्या-स्वाध्याय-सत्संग-भजन तक ही सन्तुष्ट न रहें, बल्कि अत्यन्त साहसिक, विशिष्ट क्रान्तिकारी कार्यों का सुसम्पादन करें, यह उद्योग आपके सहाय के बिना असंभव है। हमें पूर्ण विश्वास व आशा है कि आप शीघ्र, अवश्य ही हमारे में वीर्य-ओज-बल प्रदान करके, इन कार्यों के सम्पादन करने में हमें समर्थ बनायेंगे।

ज्ञानेश्वरार्यः

***

महर्षि-महिमा

दबाल्ये नो गृहिणो भवन्तु मनुजाः, ऐसी प्रथा हो गई।
उद्वाहाः सुपरीक्षिताः प्रचलिताः, खन्ने खुराणे हट गये।।
वैधव्यं विधवाभिलाष परकं, चाहें गृहस्थी करें।
सर्वेषा करुणा विवेकजलधेः, स्वामी दयानन्द की।।

भावार्थ - बालकपन में नर-नारी गृहस्थ न बन सकें ऐसी मर्यादा स्थिर हो गई। ब्रह्मचारी-ब्रह्मचारिणियों के विवाह शिक्षा-बल-चरित्र-कुल आदि की पूरी परीक्षा के पश्चात् ही होने लग गये, खन्ने-खुराणे आदि जाति-बन्धन सब हट गये। विधवाओं का विधवापन में रहना उनकी इच्छाओं पर निर्भर होगा। यदि वे चाहें तो उनके गृहस्थिनी बनने में कोई बाधा नहीं रही। यह सारी करुणा ज्ञान के सागर स्वामी दयानन्द जी की ही है।

- पं. लोकनाथ तर्कवाचस्पति

आर्य सेवक, नागपुर

प्रति, _____

_____

प्रकाशक : अशोक यादव, प्रबंधक संपादक एवं मंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा
मध्यप्रदेश एवं विदर्भ, नागपुर फोन : ०७१२-२५९५५५६ द्वारा उक्त सभा के लिये प्रकाशित एवं प्रसारित
मुद्रक : फोन :